# तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का हुआ समापन

❑ छत्तीसगढ़िया खेलों को पहचान दिलाने एक नई परम्परा की शुरुआत-विधायक प्रकाश नायक

❑ विजेता खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल






**रायगढ़।** विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने आज रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के समापन अवसर पर विजेता खिलाडिय़ों को मेडल प्रदान किया। इस अवसर पर समापन समारोह में सेंट जेवियर और इंडियन स्कूल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

विधायक नायक ने कहा कि छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के खेलों को सामने लाने और पहचान दिलाने की एक नई परम्परा की शुरुआत की गई है, जो सराहनीय है। जिसमें सभी आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर जीत भी हासिल की। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए राज्य स्तर के प्रतियोगिता में जीत कर जिले और विकासखंड का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में महापौर जानकी काटजू, अध्यक्ष जिला पंचायत निराकार पटेल, पूर्व सभापति सलीम नियारिया, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, उपायुक्त सुतीक्षण यादव, जिला पंचायत से चंद्रेश टांक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के साथ इस कार्यक्रम के आयोजन में जिंदल उद्योग प्रबंधन का प्रमुख सहयोग रहा।

शासन द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय तीन दिवसीय आयोजन का आज अंतिम दिन रहा। जिसमें आज 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला-पुरुषों ने भाग लिया था। आज रस्साकसी, पिट्ठल, संकली, गिल्ली डंडा, बांटी, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खोखो, भौंरा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, लंबी कूद एवं 100 मीटर दौड़ आयोजित किया गया था। जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के सभी विजेता खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय विविध प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

**ये रहे विजेता-** 100 मीटर दौड़ 40 आयु वर्ग से अधिक में पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड के विनोद गुप्ता, द्वितीय-घरघोड़ा विकासखण्ड के त्रिभूवन सिंह पावर एवं तृतीय-पुसौर विकासखण्ड के लक्ष्मण सिदार रहे। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड की कविता चौहान, द्वितीय-रायगढ़ विकासखण्ड के ज्योति सिंह एवं तृतीय-रायगढ़ से पूर्णिमा राठिया रही। कबड्डी महिला वर्ग में प्रथम-घरघोड़ा, गेड़ी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-तमनार विकासखण्ड के चंद्रशेखर पटेल, द्वितीय-लैलूंगा से वृत सिंह राठिया तथा तृतीय स्थान पर पुसौर के विद्यानंद गुप्ता रहे। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड की रंगलता सिदार एवं द्वितीय खरसिया विकासखण्ड की छीताबाई गबेल रही। खो-खो प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड एवं द्वितीय-तमनार विकासखण्ड रहा। महिला वर्ग में पुसौर विकासखण्ड एवं द्वितीय-घरघोड़ा विकासखण्ड रहा। लंगड़ी दौड़ प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड के शिव प्रसाद चौहान एवं रामकुमार चौहान, द्वितीय-धरमजयगढ़ के चक्रधर राठिया एवं सजन सिंह राठिया रहे। महिला वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड की मोहनकुंवर एवं चंपा सिदार एवं द्वितीय-रायगढ़ की ज्योति सिंह एवं सीमा लकड़ी रही। सांखली प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर एवं द्वितीय खरसिया विकासखण्ड रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम-घरघोड़ा एवं द्वितीय स्थान पर पुसौर विकासखण्ड रहा। लम्बी कूद प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड के रामकुमार चौहान, द्वितीय-खरसिया विकासखण्ड के डमन कुमार एवं तृतीय-घरघोड़ा विकासखण्ड के त्रिभुवन सिंह रहे। महिला वर्ग में प्रथम-नगर निगम रायगढ़ की ज्योति सिंह, तमनार विकासखण्ड के मधुमैत्री-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रायगढ़ की पूर्णिमा राठिया रही। पिट्ठुल प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-तमनार, द्वितीय-धरमजयगढ़ विकासखण्ड रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में खरसिया-प्रथम एवं द्वितीय-घरघोड़ा विकासखण्ड रहा। बिल्लस प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर नगर पंचायत के विनोद गुप्ता एवं द्वितीय रायगढ़ नगर निगम के अशरफ खान, महिला वर्ग में तमनार विकासखण्ड की वृन्दावती-प्रथम, द्वितीय-घरघोड़ा विकासखण्ड की जीवन लता एवं तृतीय स्थान पर रायगढ़ विकासखण्ड की पूर्णिमा राठिया रही। गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-लैलूंगा एवं द्वितीय स्थान पर धरमजयगढ़ विकासखण्ड रहा। महिला वर्ग में प्रथम-पुसौर एवं द्वितीय-घरघोड़ा विकासखण्ड रहा। फुगड़ी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-नगर पंचायत पुसौर के विनोद गुप्ता, द्वितीय-पुसौर विकासखण्ड के त्रिलोचन सिदार एवं तृतीय-तमनार के रामसिंह राठिया रहे। महिला वर्ग में रायगढ़ विकासखण्ड की भूरी बाई निषाद-प्रथम, द्वितीय स्थान पर तमनार विकासखण्ड की वृन्दावती एवं तृतीय खरसिया विकासखण्ड की रथबाई रही। बांटी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-तमनार एवं द्वितीय स्थान पर धरमजयगढ़ विकासखण्ड रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम-पुसौर एवं द्वितीय स्थान पर खरसिया विकासखण्ड रहा। भौरा प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-तमनार विकासखण्ड के हेतराम पटेल, द्वितीय-पुसौर के विनोद गुप्ता तथा तृतीय स्थान पर पुसौर विकासखण्ड के दिनेश कुमार चौधरी रहे। महिला वर्ग में खरसिया विकासखण्ड की सोनबाई प्रथम, द्वितीय-रायगढ़ विकासखण्ड की अनुपमा सिदार एवं तृतीय स्थान पर रायगढ़ की विनिता पाड़ी रही। रस्साकीस प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर एवं द्वितीय स्थान पर तमनार विकासखण्ड रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम-घरघोड़ा एवं द्वितीय स्थान पर पुसौर विकासखण्ड रहा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अप्रेंटिसशिप मेला आज

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र के उद्योगों में अप्रेन्टिसशिप को बढ़ावा देने के लिए 26 नवम्बर 2022 को प्रात:10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड पूंजीपथरा रायगढ़ में फिटर, वेल्डर, गैस कटर एवं ग्राईन्डर तथा मेसर्स सालासर मोटर्स रायगढ़ में इलेक्ट्रिशयन, फिटर, मोटर मैकेनिक एंड डीजल मैकेनिक में रिक्त कुल 45 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### ग्राम बायसी कालोनी निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही

**रायगढ़।** रेल परियोजना धरमजयगढ़ से कोरबा (62 कि.मी.) कि.मी.(फेस-2)प्रकरण अनुविभाग धरमजयगढ़ ग्राम बायसी कालोनी निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित)के अनुसार की जा रही है। इस संदर्भ में जो कृषक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ में 30 नवम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

### लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु 28 नवंबर से होगा राजस्व शिविर का आयोजन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशानुसार राजस्व मामलों के सुदृढ़ीकरण करने के लिए जिले में 28 नवंबर से राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले के लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु इस राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राजस्व शिविर में राजस्व प्रकरणों के नामांतरण/बंटवारा/आरबीसी6-4/ द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका/रिकार्ड दुरुस्ती/सीमांकन/आय-जाति, निवास प्रमाण पत्रों का निराकरण एवं अन्य आवेदन पत्र प्राप्त कर शिविर में निराकरण किये जाने योग्य आवेदनों का शिविर में निराकरण तथा अन्य पत्रों का समय-सीमा में निराकरण किये जाने हेतु एवं प्राप्त आवेदनों का साप्ताहिक निराकरण कर प्रगति रिपोर्ट कार्यालय को प्रेषित किये जाएगा। इस हेतु निम्नानुसार तहसीलवार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। सारंगढ़ में दिनांक 28 नवम्बर 2022 से 06 दिसम्बर 2022 तक 21 अलग-अलग स्थलों में राजस्व शिविर का आयोजन होगा जिसके नोडल अधिकारी शनि कुमार पैंकरा हैं।

# महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**रायगढ़।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 विषय पर आज सृजन सभाकक्ष में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, रायगढ़ द्वारा किया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर रिषा ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के. जाटवर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दाण्डेकर, महिला संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ चैताली राय तथा जिला अंतर्गत गठित स्थानीय शिकायत समिति/आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष/सदस्य उपस्थित हुए। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें उत्पीडऩ का आशय, अधिनियम के प्रमुख प्रावधान, प्रक्रिया एवं अपील के संबंध में बातया गया। साथ ही प्रतिभागियों द्वारा उठाये गये मुद्दों/प्रश्नों पर शंका निवारण भी किया गया। महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के उन्मूलन हेतु 25 नवम्बर 2022 से 10 दिसम्बर 2022 अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जा रहा है, जिसके परिपेक्ष्य में इस कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विकास विभाग, रायगढ़ द्वारा किया गया है।

# ऑटो चालक से मारपीट मामले में फरार 3 आरोपियों को पुलिस ने गैर जमानतीय धाराओं में किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस द्वारा 11 अक्टूबर को मेडिकल कॉलेज के पास ऑटो चालक से मारपीट मामले में फरार तीन आरोपियों को मारपीट एवं अपहरण की धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीगण ऑटो चालक से झगड़ा मारपीट कर उसे एक ऑटो में जबरन बिठाकर मारते-पीटते हुये रेल्वे स्टेशन तक ले गये थे।

जानकारी के अनुसार घटना को लेकर पीड़ित ऑटो चालक विनोद नागेश की पत्नी पुष्पा नागेश (उम्र 32 वर्ष) निवासी मांझापारा पेट्रोल पंप के पास चक्रधरनगर रायगढ में थाना चक्रधरनगर में 13 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 11/10/2022 को अपनी बच्ची का ईलाज कराने पति के साथ मेडिकल कॉलेज गई थी। जहां मेडिकल कालेज के गेट के सामने दोपहर करीब 02:00 बजे रोहित दास महंत और उसके साथी पति को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते अपने साथ ले गये। रेल्वे स्टेशन के पास से पति फोन कर बताये , तब वहां जाकर पति को अस्पताल में ईलाज के लिये भर्ती करायी। थाना चक्रधरनगर में आरोपी रोहित दास महंत व उसके साथियों पर धारा 294, 506, 323, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में लिया गया।

फरार आरोपियों की पतासाजी, विवेचना दरमियान #चक्रधरनगर पुलिस द्वारा 18 अक्टूबर को आरोपी रोहित दास महंत, चक्रधरनगर को उसके घर से गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। आरोपी रोहित दास महंत पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि घटना दिनांक को विनोद नागेश पिकनिक जाने के लिए चंदा मांग रहा था जिसे चंदा नहीं देने पर विवाद हुआ था जिसे अपने साथी गजनी उर्फ अमित सिंह, अकबर एवं रिंकू के साथ मिलकर ऑटो में बिठाकर मारते-पीटते रेलवे स्टेशन तक ले गए थे। प्रकरण में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपहरण की धारा 365 आईपीसी विस्तारित कर आरोपियों की पतासाजी किया जा रहा था।

आज चक्रधर नगर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग दौरान मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी अमित सिंह राजपूत उर्फ गजनी, मनोहर दास महंत और मोहम्मद अकबर को हिरासत में लिया गया। आरोपी अमित सिंह उर्फ गजनी से घटना में प्रयुक्त ऑटो सीजी 12- ई- 5793 को जप्त कर मारपीट में शामिल आरोपी (1) अमित सिंह राजपूत उर्फ गजनी पिता मंगल सिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी सोनमुड़ा नवापारा चौकी जूटमिल (2) मनोहर दास महंत पिता ननकी दास महंत उम्र 32 साल निवासी भक्तिनडीपा सोनुमुड़ा चौकी जूटमिल (3) मोहम्मद अकबर पिता मोहम्मद शमीम उम्र 35 वर्ष निवासी गांधीनगर चौकी जूटमिल रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सायबर ठगी मामले में गिरफ्तार 14 महिला आरोपियों को न्यायालय पेश कर 4 को लिया गया पुलिस रिमांड पर



रायगढ़। पुसौर पुलिस द्वारा साइबर ठगी मामले में कोलकाता में रेड कार्रवाई कर गिरफ्तार की गई 14 महिलाओं को आज उन्हें न्यायालय द्वारा दिए गये सशर्त अंतरिम बेल अवधि के खत्म होने की स्थिति में न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपिया दीपिका मंडल, बिना साव उर्फ़ डाली, जूली सिंह, स्नेहा पाल का पुलिस रिमांड लिया गया है।

विदित है कि सायबर ठगी करने वाला यह अंतर्राज्यीय गैंग कोलकाता के सुभाष नगर दक्षिण दमदम में कैफे की तर्ज पर अवैध कॉल सेंटर संचालित कर देश के विभिन्न स्थानों में लोगों को कॉल कर टावर लगाने के नाम पर लुभावनी स्कीम बताते थे जिसमें उनसे पूछा जाता था कि क्या उनके पास 10X10 का जमीन है किसके अधिकार की जमीन है। उसके बाद जमीन पर टावर लगाने की फ्रॉड स्कीम बताकर प्रलोभन देते थे कि इन्हें 10 साल के लिए 15,00,000 रुपए देंगे, 12,000 रुपए प्रतिमाह किराया देंगे तथा घर के एक पढ़े-लिखे सदस्य को 10 से 15,000 की नौकरी भी दी जाएगी। जब कॉलर राजी हो जाता था तब उन्हें कमर्सियल लायसेंस, इंश्युरेंस, NOC आदि के नाम पर ड्क्युमेंट व रूपये मांगे जाते थे।

एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं सर्वेक्षण अधिकारी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित 15 सदस्यीय टीम द्वारा पश्चिम बंगाल के विभिन्न ठिकानों पर दबिश देकर इस अंतर्राज्यीय साइबर ठगों गिरोह के मूल ठिकाने पर छापेमार कार्यवाही कर #ऑनलाइन ठगी में शामिल 8 युवक और 14 युवती को गिरफ्तार कर थाना पुसौर के धोखाधड़ी मामले में एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोलकाता के न्यायालय पेश किया गया जिसमें 8 आरोपी - कॉल सेंटर का मैनेजर- 1- गोपाल कंडार 2- राम कुमार साव, 3- विशाल सेठ,4- इंद्रोजीत दास, 5- अंकु गुप्ता, 6- अनिल शाह, 7- रोहित साव और 8- शमसुद हुसैन का न्यायालय द्वारा ट्रांजिट रिमांड पुसौर पुलिस को दिया गया तथा। 14 आरोपिया को सशर्त अंतरिम बेल का लाभ देकर ट्रांजिट रिमांड खत्म होने की अवधि के पूर्व रायगढ़ न्यायालय में उपस्थित होने आदेश दिया गया था।

गिरफ्तार 8 आरोपियों को रायगढ़ लाया गया, आरोपियों से कॉल सेंटर तथा निजी उपयोग के मोबाइल एवं डायरी पृथक-पृथक जप्त कर आरोपी कॉल सेंटर के मैनेजर गोपाल कंडार तथा शमसुद हुसैन का पुलिस रिमांड लेकर जांच किया जा रहा है। मामले में पुसौर पुलिस द्वारा कोलकाता से गिरफ्तार की गई 14 महिला आरोपियों को दिए गए अंतरिम बेल खत्म होने की अवधि पर आज दिनांक 25.11.2022 को न्यायालय के समक्ष पेश कर अवैध संचालित कॉल सेंटर की मैनेजर 1-दीपिका मंडल, टीम लीडर 2- बिना साव उर्फ़ डाली, 3- जूली सिंह 4-स्नेहा पाल का पुलिस रिमांड लिया गया है। शेष 10 आरोपिया- मधु यादव, पूजा राय, पूजा सिंह, पिंकी राजभर, पूजा पासवान, पूजा शर्मा, रिंकी साव, पूजा दास, कामिनी पोद्दार, प्रियंका चौधरी का ज्युडिसियल रिमांड लिया गया है जिन्हें जिला जेल दाखिल किया गया है। पर्यवेक्षण अधिकारी एएसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर पुसौर पुलिस बारीकी से मामले की जांच में जुटी है।

# जिले के गौठानों में 'गौठान मा गोठ' कार्यक्रम की होगी शुरूआत

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों की उत्पादकता और अधिक बढ़ाने के लिए जिले के विभिन्न गौठानों में 'गौठान मा गोठ' कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। इसमें गोठान समिति के सदस्यों, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, वार्ड पंच, ग्राम पंचायत सचिव, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सक की उपस्थिति में दिनांक 28 नवम्बर 2022 से 09 दिसम्बर 2022 तक 'गोठान मा गोठ' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत ग्रामीणजनों एवं स्व-सहायता समूहों की बैठक आयोजित कर विभिन्न एजेण्डों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें गोबर विक्रेताओं एवं गौमुत्र विक्रेताओं का पंजीयन, गोठानों में प्रतिदिवस न्यूनतम 3 क्विंटल गोबर खरीदी, क्रय गोबर से बनने वाले वर्मी कम्पोस्ट का रुपांतरण अनुपात में वृद्धि करने हेतु प्रशिक्षण, पशुओं हेतु चारा की व्यवस्था कराने के लिए गौठानों में पैरादान करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करना, रबी एवं ग्रीष्मकालीन धान का त्याग कर अन्य फसलें लगाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करना, सरसों क्षेत्र विस्तार, जैविक खेती एवं मिलेट क्षेत्र विस्तार करने हेतु कृषकों को प्रशिक्षण, आजीविका गतिविधियों के माध्यम से गोठानों में स्व-सहायता समूहों को गौमूत्र के उत्पाद बनाने एवं अन्य गतिविधियों संबंधित प्रशिक्षण, पेंशन योजना-वृद्धा, विधवा, दिव्यांग, सामाजिक सुरक्षा, सुखद सहारा एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना आदि, मुख्यमंत्री हॉट-बाजार क्लिनिक योजना, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, के साथ अन्य विषयों पर चर्चा/कार्यवाही की जाएगी।

# बिलाईगढ़ के तेंदूदरहा गौठान में गोमूत्र क्रय, ब्रम्हास्त्र निमास्त्र बनाने प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम गोधन न्याय योजनांतर्गत राज्य शासन के मंशानुरूप गोठानों में गोबर खरीदी के साथ-साथ अब गौमूत्र खरीदी कर जैविक उत्पाद बनाकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की कड़ी में नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देश एवं उप संचालक कृषि उमेश तोमर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश्वरी बर्मन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पी.के.घृतलहरे के त्वरित पहल पर तेंदूदरहा गौठान में गौमूत्र की खरीदी कराई गई एवं आज गंगा-महिला स्व-सहायता समूहों को जैविक कीटनाशक दवा बनाने का व्यवहारिक प्रशिक्षण बी टी एम प्रकाश थवाईत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आनंद सिंह राजपूत द्वारा गोठान परिसर में कराया गया। पांच किस्म के कडुवा पत्ते आंख घतूरा, नीम, करंज सीताफल पत्ती को मिला कर 30 लीटर का ब्रम्हास्त्र एवं 25 लीटर का निमास्त्र बनवाया गया जो कि फसलों में जैविक कीट नियंत्रण में उपयोगी होगा। कृषि विभाग के सतत् निगरानी में शासन के मंशानुरूप गौठान में पैरा संग्रहण की भी शुरूआत की गई है। वर्मी टांको का अपडेट कराकर 6 टांकों में केंचुआ भी छोडा गया है। अन्य संरचनाओं का निर्माण कार्य भी जारी है। पशुपालन विभाग द्वारा पशुचारा की भी बुवाई कराई गई है। इस दौरान सचिव राजबहादुर जाटवर, गौठान अध्यक्ष गुहाराम पटेल, अध्यक्ष दिलबाई पटेल, सचिव मेमबाई, राधाबाई, दरसमति, सुन्दरमति, शंकरमति, मैनामति, कमलबाई, छतबाई, दिलेश्वर सिंग सहित ग्रामवासी शामिल रहे।

# क्राइम मीटिंग में एसपी ने वर्ष के अंत में पेंडिसी कम से कम करने का दिया लक्ष्य

❑ थाना प्रभारियों को बीट प्रणाली सुदृढ करने और असामाजिक तत्वों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने दिए निर्देश



रायगढ़। दिनांक 25.11.2022 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों के साथ बैठक लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दैनिक कार्यवाही एवं आगामी कार्य योजना के संबंध में चर्चा कर बैठक की शुरुआत किए।

बैठक में मीणा द्वारा वर्षांत को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाकर लंबित अपराधियों का निराकरण करने और गत वर्ष की तुलना में लघु अधिनियम और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अधिकाधिक करने के निर्देश दिए गए तथा बारी-बारी थानों में लंबित अपराधों की समीक्षा कर प्रभारियों को वर्ष के अंत तक पेंडेंसी को कम से कम रखे जाने का लक्ष्य दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा अनसुलझे व गंभीर मामलों की प्रगति पर असंतोष जाहिर कर प्रभारियों को राजपत्रित अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर शीघ्र विधि अनुरूप कार्यवाही करने कहा गया।

मीणा प्रभारियों को बीट प्रणाली को सुदृढ़ करने के कार्य पर चर्चा किए और इसे सुदृढ़ कर बीट प्रभारी एवं कर्मचारियों को बीट में अपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखने के साथ-साथ "सोशल पुलिसिंग" के जरिए "पुलिस जन चौपाल", साबइर जागरूकता, "हमर बेटी-हमर मान" जैसे जागरूकता कार्यक्रमों को अनवरत जारी रखने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को क्षेत्र में अपराधों के नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था के लिए उनके क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर अभियान चलाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए चलाये जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" को गंभीरता से लिये जाने के निर्देश देते हुए अभियान में अधिक से अधिक गुम बालकों की दस्तयाबी का निर्देश दिया गया है। अभियान के लिए सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे दिगर प्रांत गुम बालकों की पतासाजी के लिए शीघ्र अनुमति लेकर पुलिस टीम रवाना करें। चिटफंड प्रकरण के फरार आरोपियों तथा आरोपियों के चल अचल संपत्ति की पतासाजी में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए। बैठक में एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एसडीओपी दीपक मिश्रा, निमिषा पांडे, डीएसपी बेनेडिक्ट मिंज, आर.आई. अमरजीत खुंटे तथा सभी थाना, चौकी प्रभारी एसपी स्टेनो अशोक देवांगन, एसपी रीडर एसआई जवाहर राठौर उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480